सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-436**
16/09/2017

मुख्यमंत्री ने एयरफोर्स मार्शल अर्जन सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 16 सितम्बर, 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भारतीय वायुसेना के मार्शल अर्जन सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि अर्जन सिंह भारतीय वायुसेना के एकमात्र अधिकारी थे, जिन्हें 05 स्टार रैंक प्राप्त था और जिन्हें फिल्ड मार्शल के बराबर का दर्जा मिला हुआ था। 1965 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में वायुसेना प्रमुख के रूप में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी और उन्हें पराक्रम एवं शौर्य के लिए पद्मविभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया था। उनके निधन से देश को रक्षा के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। देश ने अपना एक बहादुर सपूत खो दिया है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चीर शांति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******